संकट | 1500 परिवारों के सामने विस्थापन का संकट

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज, पुनर्वास की व्यवस्था अधूरी

नवभारत, जबलपुर। मदनमहल पहाड़ी क्षेत्र में सरकारी जमीन पर बने अवैध कब्जों को हटाने के लिए सोमवार को प्रशासन ने फिर से कार्रवाई की। न्यायालय के आदेश के तहत प्रशासनिक अमला बुल्डोजर के साथ मौके पर पहुंचा और कई मकानों को तोड़ा गया। हालांकि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बीच विस्थापित होने वाले गरीब परिवारों की समस्याएं भी सामने आईं। कार्रवाई के दौरान इलाके में भावुक माहौल देखने को मिला। महिलाएं, छोटे-छोटे बच्चे और स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी अपने घरों को टूटते देख रो पड़े। कई लोग एक-दूसरे को दिलासा देते नजर आए कि कुछ दिन बाद सब ठीक हो जाएगा। वहीं बुजुर्गों का कहना है कि वे पिछले 40 से 50 वर्षों से यहां अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। उनका कहना है कि जमीन भले ही सरकारी हो और निर्माण अवैध हो, लेकिन वे अनैतिक लोग नहीं हैं। मदनमहल पहाड़ी क्षेत्र में करीब 1500 परिवार वर्षों से रह रहे थे। प्रशासन की योजना के अनुसार इन परिवारों को तेवर क्षेत्र में शिफ्ट किया जाना है। प्रत्येक परिवार को वहां लगभग 450 वर्गफीट का प्लॉट देने की बात कही जा रही है।

पट्टा नहीं मिला, सूची से नाम गायब

कई परिवारों का आरोप है कि वर्ष 2019 में उन्हें जमीन के लिए पर्चियां दी गई थीं, लेकिन अब पट्टा देने की सूची में उनका नाम नहीं है। इससे लोगों में असमंजस और नाराजगी है। उनका कहना है कि उन्हें हटाया जा रहा है, लेकिन स्थायी जमीन का अधिकार अब तक नहीं मिला।

पुनर्वास स्थल पर सुविधाओं का अभाव

तेवर में विस्थापित होने वाले लोगों का कहना है कि वहां केवल खाली मैदान है। न बिजली की व्यवस्था है, न पानी, न नाली और न शौचालय। अधिकारियों की ओर से फिलहाल बांस और तंबू दिए जा रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि जवान बेटियों के साथ खुले मैदान में रहना उनके लिए बड़ी चिंता का विषय है।

कई परिवारों ने खुद ही तोड़े अपने घर

बुल्डोजर से सामान नष्ट होने से बचाने के लिए सुबह से ही 100 से अधिक परिवारों ने अपने घरों का सामान निकालना शुरू कर दिया था और खुद ही मकान तोड़ने लगे। उनका कहना था कि यदि सामान सुरक्षित निकाल लिया जाएगा तो वह आगे काम आ सकेगा।

कार्रवाई के दौरान मची चीख-पुकार

दोपहर करीब 11:30 बजे जब अतिक्रमण हटाने की टीम बुल्डोजर लेकर पहुंची तो इलाके में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएं और युवतियां रोने लगीं। वहीं बुजुर्ग और बीमार लोग कुछ कहने की स्थिति में नहीं थे, उनकी आंखों में केवल आंसू थे।

कैट के आदेश को हाईकोर्ट ने रखा बरकरार

ओएफके भर्तियों से जुड़ा मामला

जबलपुर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में चार्जमैन (टेक्निकल एवं नॉन-टेक्निकल) पद के लिए आयोजित लिमिटेड डिपार्टमेंटल कॉम्पटेटिव एगजाम (एलडीसीई) को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) जबलपुर के पूर्व आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि चयन परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुई थी।

जबलपुर निवासी मुकेश कुमार मिश्रा एवं अन्य ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि परीक्षा के दौरान व्हाट्सएप पर प्रसारित उत्तर कुंजी के माध्यम से प्रश्नपत्र लीक किया गया था। मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि यह दस्तावेज परीक्षा के लगभग 20 दिन बाद और आधिकारिक उत्तर कुंजी जारी होने के बाद व्हाट्सएप पर प्रसारित किया गया था। ऐसे में इसे प्रश्नपत्र लीक होने का प्रमाण नहीं माना जा सकता। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि उस तथाकथित दस्तावेज में किसी विषय, प्रश्नपत्र सेट अथवा उत्तरों को डिकोड करने की कोई स्पष्ट पद्धति नहीं बताई गई थी, जिससे इसकी विश्वसनीयता संदिग्ध हो जाती है। फैक्टरीज द्वारा गठित जांच समिति ने भी अपनी विस्तृत जांच रिपोर्ट में परीक्षा में किसी प्रकार की अनियमितता अथवा प्रश्नपत्र लीक होने के कोई प्रमाण नहीं पाए। ऑर्डिनेंस फैक्टरीज एलडीसीई परीक्षा 26 फरवरी 2023 से 3 मार्च 2023 तक कुल 998 रिक्तियों को भरने के लिए आयोजित की गई थी। ये रिक्तियां 42 विभिन्न इकाइयों-कारखानों में चार्जमैन (तकनीकी और गैर-तकनीकी) के पद से संबंधित थीं। वीकल फैक्टरी जबलपुर (व्हीएफजे) द्वारा कुल 32 रिक्तियों की अधिसूचना जारी की गई थी, जिसमें इन याचिकाकर्ताओं सहित 741 उम्मीदवारों ने परीक्षा में भाग लिया था।

महिलाओं के अधिकार, सम्मान व सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने महिला दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का किया आयोजन

जबलपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों की जानकारी देने के उद्देश्य से जबलपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं और महिलाओं को निश्शुल्क विधिक सहायता की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष कृष्णमूर्ति मिश्र के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महात्मा गांधी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन्स के लाए एजुकेशन, बीएचएमएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल कालेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया केंद्र से संपर्क कर नि:शुल्क सहायता प्राप्त कर सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और अन्याय की स्थिति में बिना संकोच विधिक सहायता लेने का आग्रह किया गया। डॉ. सोनल साहनी ने महिला स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में चेयरपर्सन डॉ. झूमा वर्मा, डायरेक्टर कृतिका वर्मा, ज्वाइंट डायरेक्टर विपिन पांडेय, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एडवोकेट प्रतीक जैन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से अनुज शर्मा उपस्थित थे।

15 लीटर डीजल के साथ युवक गिरफ्तार

नवभारत, जबलपुर। शहपुरा पुलिस ने डीजल बेचने की फिराक में खड़े एक युवक को पकड़ा। जिसके कब्जे से 15 लीटर डीजल जप्त किया गया। पुलिस के मुताबिक विराट कॉलोनी स्थित शनि मंदिर के पास दबिश दी गई पुलिस को देख आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी रवि बर्मन पिता अखिलेश बर्मन 19 वर्ष निवासी विराट कॉलोनी, शहपुरा के के पास मौजूद सफेद बोरी की तलाशी ली गई, तो पुलिस भी हैरान रह गई। आरोपी ने प्लास्टिक की पन्नियों में करीब 15 लीटर डीजल भरकर रखा था। रिहायशी इलाके में इस तरह असुरक्षित तरीके से ज्वलनशील पदार्थ रखना किसी बड़े हादसे को दावत दे सकता था। पुलिस ने अवैध डीजल को जब्त करते हुए आरोपी रवि बर्मन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी यह डीजल कहाँ से लाया था और किसे बेचने वाला था।

महिला को पीट-पीटकर किया अधमरा

न्यायालय में समझौते के बाद भी नहीं सुधरा ससुराल पक्ष, मामला दर्ज

जबलपुर। बरगी थाना अंतर्गत बसंत नगर में रहने वाला ससुराल पक्ष न्यायालय में समझौते के बाद भी नहीं सुधरा। महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, बल्कि खाना बनाने जैसी मामूली बात पर उसे बेरहमी से पीटा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति और सास-ससुर के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बसंत नगर निवासी 24 वर्षीय श्वेता साहू का विवाह वर्ष 2020 में शोभित साहू के साथ हुआ था। शादी के कुछ ही समय बाद से ससुराल पक्ष ने दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। विवाद इतना बढ़ा कि मामला कोर्ट तक जा पहुंचा। श्वेता ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों में आपसी समझौता हुआ था। पति और ससुराल वालों के आश्वासन पर वह दोबारा अपने ससुराल रहने आई थी। लेकिन कुछ दिनों बाद ही पति शोभित उर्फ आशीष साहू, ससुर फलादी साहू और सास मुन्नी साहू ने उसे फिर से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। बीती रात करीब 10 बजे घर में खाना बनाने की बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते सास और ससुर गाली-गलौज पर उतर आए। इसी दौरान पति शोभित ने आव देखा न ताव और श्वेता पर घूंसों की बरसात कर दी। हमले में श्वेता की आंख, सिर और कंधे पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

7937 वैगनों की हुई मरम्मत

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों में कोच वैगनों का पीरीयोडिक ओवरहालिंग का कार्य किया जाता है।? दोनों कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक के मार्गदर्शन में अनुरक्षण डिपो मेंचालू वित्तीय वर्ष में कोच वैगनों का अनुरक्षण करके अच्छा प्रदर्शन किया है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 केग्यारह माह में सीआरडब्लूएस भोपाल एवं डब्लूआरएस कोटा दोनों कारखानों में कुल 7937 कोचों वैगनों कापीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया गया, जिसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 1148 कोचों काअनुरक्षण किया तथा कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप ने 6789 वैगनों का अनुरक्षण कार्य किया। इसी अवधि मेंगतवर्ष की तुलना में लगभग 05 प्रतिशत अधिक कोचों वैगनों कि मरम्मत की गई। अकेले फरवरी माह की बातकरे तो सीआरडब्लूएस भोपाल एवं डब्लूआरएस कोटा दोनों कारखानों में कुल 715 कोचों वैगनों का पीरियोडिकओवर हॉलिंग किया गया, जिसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 115 कोचों का अनुरक्षण कियातथा कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप ने 600 वैगनों का अनुरक्षण कार्य किया।

आर्म्स सप्लायर की तलाश में फिर यूपी जाने की तैयारी में पुलिस

जबलपुर । शहर के कुख्यात बदमाश दरोगा और उसके साथी को 170 कारतूस बेचने वाले सप्लायर भोला मामा की तलाश में पुलिस एक बार फिर यूपी में छापेमारी की तैयारी में है । हालांकि इसके पहले पुलिस ने छापेमार की थी। हवा में लटट घुमाने के बाद दबिश दी थी लेकिन बैरंग लौट आई थी ।

विदित हो कि क्राइम ब्रांच एवं गोसलपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मोहतरा टोल प्लाजा के पास घेराबंदी करते हुए 25 जनवरी को कटनी की ओर से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीके 6302 को रोका था। इसके साथ ही दरोगा उर्फ विशाल पाण्डे 25 वर्ष निवासी महाराजपुर और आदर्श बेन 22 वर्ष, निवासी सुहागी को हिरासत में लिया था। तलाशी लेने पर विशाल पाण्डे की कमर से एक देशी पिस्टल और डैशबोर्ड से 160 (32 बोर) कारतूस मिले थे जबकि आदर्श बेन के पास से 10 (315 बोर) के कारतूस बरामद हुए थे। विशाल पाण्डे उर्फ दरोगा अपराधी प्रवृत्ति का युवक है जिसके खिलाफ अधारताल, पनागर, कुण्डम, माढोताल में 1 दर्जन से अधिक अपराध दर्ज है। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि वे कारतूस उत्तर प्रदेश के बांदा से भोला मामा नामक व्यक्ति से 80,000 रुपये में खरीदकर लाए थे। इसमें विशाल ने 72,000 और आदर्श ने 8,000 रुपये का निवेश किया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया था इसके बाद एक टीम बांदा छापेमारी के लिए रवाना हुई लेकिन सप्लायर पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सका था। अब पुलिस की टीम एक बार फिर से अवैध हथियारों, कारतूसों की खरीद-फरोख्त के कारोबारी की तलाश में यूपी जाने की तैयारी में है। जिसके पकड़े जाने के बाद आर्म्स कारोबारी से जुड़े बड़े राज खुल सकते है ।

आंगनवाड़ी सहायिकाओं की अंतिम चयन सूची जारी

नवभारत, जबलपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग की एकीकृत बाल विकास सेवा योजना क्रमांक-चार शहरी जबलपुर द्वारा महर्षि अरविंद वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक-12 एवं 17 तथा मदन मोहन मालवीय वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक-14 में आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पद की पूर्ति की प्रक्रिया के तहत चयनित अभ्यर्थी की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। अंतिम चयन सूची का एमपी ऑनलाईन चयन पोर्टल पर अवलोकन किया जा सकता है।

आठ फरार आरोपियों पर ईनाम घोषित

जबलपुर। शहर के तीन थानों में दर्ज अपराधों में लंबे समय से फरार चल रहे आठ आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने ईनाम घोषित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक ओमती थाने में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में फरार महेश कोष्टा उम्र पिता शिव प्रसाद कोष्टा निवासी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड गोहलपुर, बिनोद रैकवार पिता पुरूषोत्तम रैकवार्र निवासी मानेगांव सिद्धनगर रांझी, मंगला देवी सिसोदिया पति धर्मेन्द्र सिसोदिया निवासी सनातन धर्म मंदिर के पास गोरखपुर, सचिन करोसिया पिता ध्यानु करोसिया निवासी शांतिनगर रांझी, अमित गर्ग पिता राजेश गर्ग निवासी त्रिमूतिनगर गढ़ा पर चार-चार हजार एवं संजीवनीनगर थाने में दर्ज पॉक्सो एक्ट में फरार राज बाल्मीक पिता रमेश बाल्मीक निवासी मंगेला माढ़ोताल की गिरफ्तारी पर चार हजार, गोरखपुर थाने में दर्ज प्रकरण में फरार शुभम उर्फशिवम पिता मिथलेश यादव 35 वर्ष निवासी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के सामने ग्वारीघाट पर पांच हजार, कोतवाली थाने में दर्ज प्रकरण में यश बेन पिता चंद्रशेखर बेन निवासी चेरीताल कोतवाली पर पांच हजार रूपए का ईनाम घोषित कर दिया है।

एक करोड़ की चोरी बन गई पुलिस के लिए चुनौती

सीसीटीव्ही से सुराग नहीं मुखबिर तंत्र ध्वस्त

जबलपुर। ग्वारीघाट थाना अंतर्गत सुखसागर वैली पोलीपाथर में 23 जनवरी हुई एक करोड़ से अधिक की चोरी सुलझाना अब पुलिस के लिए चुनौती बन चुका है । महीनों बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। सीसीट ीव्ही कैमरों से सुराग नहीं लगा है जबकि 100 से अधिक सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाले जा चुके है । मुखबिर तंत्र पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। जबकि क्राइम ब्रांच से लेकर थाना, सायबर पुलिस लगी हुई लेकिन अब तक ऐसा कोई सुराग हाथ नहीं लगा है जिसके सहारे आरोपियों तक पहुंचा जा सके ।

विदित हो सागर वर्मा 38 वर्ष निवासी सुखसागर वैली पोलीपाथर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि थी वे ट्रांसपोर्ट का कार्य करता है उसकी माता का स्वास्थ्य खराब होने से जबलपुर हास्पिटल में भर्ती है 23 जनवरी को वह एवं उसकी पत्नी हास्पिटल के लिये गये थे घर के मेन दरवाजा में ताला लगा दिया था। जब वापिस लौटा तो दरवाजा का ताला टूटा पड़ा था अंदर जाकर देखा दोनों बेडरूम के आलमारी का ताला टूटा था पूरा सामान बिखरा हुआ था। आलमारी में रखा लगभग 70 तोला सोना एवं 1 किलो चांदी, नगदी 6 लाख रूपये गायब थे। सागर वर्मा के पडोसी के घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे में चार नकाबपोश कैद हुए थे। जिसके आधार पर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे चैक लिए। इसके बाद उन्हें ट्रेस किया लेकिन पुलिस के हाथ खाली है । यहां तक की फिंगर प्रिंट से भी कोई क्लू नहीं मिला अब पुलिस सिर्फ हवा में लट्ठ घुमा रही है ।

तेज रफ्तार कार ने मजदूरों को कुचला, तीन घायल

नवभारत, जबलपुर। गोसलपुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे तीन मजदूरों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बरनु तिराहा निवासी ईशु कोल (32) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने साथी शंभू, विजय और देवांश के साथ धमकी खदान में मजदूरी करने गया था। जब वे काम खत्म कर बेला तिराहा से पैदल घर लौट रहे थे, तभी कारक्र मांक एमपी 20 जेड सी 6563 के चालक ने वाहन को लापरवाही और तेज गति से चलाते हुए तीनों मजदूरों को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शंभू, विजय और देवांश सड़क पर दूर जा गिरे और उन्हें शरीर व हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं। वारदात के बाद राहगीरों की भीड़ जमा होते देख चालक कार लेकर गोसलपुर की ओर भाग निकला। घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए गोसलपुर ले जाया गया। घायल विजय अहिरवार की हालत नाजुक होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। पीड़ित की शिकायत पर गोसलपुर पुलिस ने फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस कार नंबर के आधार पर आरोपी चालक की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

शादी का झांसा देकर छात्रा से दुराचार

जबलपुर। दोस्ती और शादी का झांसा देकर एक युवती की अस्मत से युवक ने खिलवाड़ किया। शादी का झांसा देकर सालों उसकी आबरू लूटी और अब वादे सेमुकर गया।

खमरिया पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर कुंडम निवासी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खमरिया देहरी निवासी 25 वर्षीय छात्रा की जान-पहचान कुंडम निवासी आशीष मार्को से हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती होने के बाद आरोपी ने उसे मिलने के बहाने बुलाया। वर्ष 2021 में आरोपी आशीष उसे खमरिया पिपरिया स्थित एक पोल्ट्री फार्म पर लेकर गया, जहाँ उसने छात्रा के साथ जबरन दुष्कर्म किया। इसके के बाद आरोपी लगातार छात्रा को अपनी बातों में फंसाकर और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुराचार करता रहा। पिछले करीब तीन वर्षों से पीड़िता इस शोषण का शिकार होती रही। जब हाल ही में पीड़िता ने आरोपी पर शादी करने का दबाव बनाया, तो वह अपने वादे से मुकर गया और उसे अपनाने से इनकार कर दिया। आरोपी के व्यवहार से आहत होकर छात्रा ने खमरिया थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने आरोपी आशीष मार्को के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

महिला दिवस पर कर्मचारी सम्मानित

जबलपुर, नवभारत। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागारमें सोमवार को महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मंडलकार्मिक अधिकारी (स्वतंत्र प्रभार) वरुण चतुर्वेदी द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा का सेपलिंग भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में डीआरएम ने मंडल की 33 नारीशक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया अपने उद्बोधन में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने भारतीय रेल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, उनकी कर्त्तव्य परायणता, कार्यकुशलता तथा समाज एवं संगठन के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाशडाला। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं और भारतीय रेलवे में भी उनकीभूमिका निरंतर सशक्त होती जा रही है।

इनकी रही भागीदारी

इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी वरुण चतुर्वेदी तथा सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) सचिपतिनंदन ने भी उपस्थित महिला कर्मचारियों को संबोधित किया तथा उनके योगदान की सराहना की। संगोष्ठी मेंमंडल के विभिन्न विभागों की महिला कर्मचारियों ने भी अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए जबलपुर मंडल के विभिन्न विभागों की 33 महिला कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मेंसीबीटी सेंटर में आईटी से संबंधित एक कार्यशाला तथा क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमेंमहिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवंकर्मचारी उपस्थित रहे।

दिन के साथ रातें हो गई गरम

जबलपुर। दि न के साथ अब रातें भी गरम हो गई है। मौसम प्रणालियों के असर से गर्मी का असर बढ़ गया है। तापमान में भी उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। सोमवार को सुबह से सूर्यदेव तमतमाये रहे। अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामा न्य से चार डिग्री अधिक रहा । न्यूनतम तापमान 17 डिग्री पर पहुंच गया। उत्तर-पश्चिम हवाएं चार किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली।

मौसम विभाग की माने तो एक ट्रफ, बिहार से मराठवाड़ा तक झारखंड, छत्तीसगढ़ और विदर्भ के ऊपर से होते हुए माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊँचाई पर विस्तृत है। एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल स्तर की पश्चिमी हवाओं में एक ट्रफ़ के रूप में, माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊँचाई पर अवस्थित है। जम्मू-कश्मीर के ऊपर लगभग 158 किमी/घंटा की गति से माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊँचाई पर उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाये बह रही है।